क्विक हील ने 'साइबर सुरक्षा के लिए साइबर शिक्षा' और 'अर्न एण्ड लर्न' अभियान की शुरुआत की

संवाददाता (दिल्ली) वैश्विक स्तर पर भारत एक आर्थिक महाशक्ति बन गया है, जिसकी बदौलत हर क्षेत्र, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इन वर्षों में, देश तकनीकी, आर्थिक और सामाजिक रूप से एक डिजिटल राष्ट्र के रूप में परिवर्तित हो गया है। हालांकि इससे लोगों को काफी सुविधा भी मिली है, लेकिन इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता कि इन्टरनेट की बढ़ती तीव्रता और 5त्न जैसी टेक्नोलॉजी के बढ़ते प्रसार के बीच कमजोरियां कई गुना बढ़ गई हैं। इस जोखिम के महत्वपूर्ण कारणों में से एक साइबर सुरक्षा के बारे में कम जानकारी का होना है। हम मानते हैं कि साइबर सुरक्षा में अग्रणी होने के नाते, समाज की डिजिटल जीवन शैली की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। उस जिम्मेदारी के साथ, हम अपनी आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा और भलाई में योगदान देना चाहते हैं।